छत्तीसगढ़ शासन, सहकारिता विभाग

2025
International Year of Cooperatives
Cooperatives Build a Better World

# अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025

# अंतर्गत

# सहकारिता सप्ताह की गतिविधियां

# (01 जुलाई से 06 जुलाई)

# सहकारिता सप्ताह में की गई गतिविधियां

| क्र. | गतिविधि का नाम | स्लाईड नं. |
|---|---|---|
| 1. | सामूहिक वृक्षारोपण अभियान | 03 से 17 |
| 2. | आमसभा का आयोजन, बोर्ड की बैठक एवं लेखा संधारण, कैशबुक लेखांकन प्रशिक्षण तथा स्वच्छता संबंधी गतिविधि का आयोजन | 18 से 24 |
| 3. | "लोन मेला"/ सदस्यता अभियांन एवं सहकारिता मंत्रालय की विभिन्न पहलों पर कार्यशालाएं | 25 से 31 |
| 4. | सहकारी उत्पादों की प्रदर्शनी, प्रशिक्षण, सामूहिक परिचर्चा तथा सहकारी संगोष्ठी | 32 से 38 |
| 5. | सहकारी शिक्षा एवं प्रशिक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम/सहकारी क्षेत्र पर स्कूलों में व्याख्यान | 39 से 43 |
| 6. | राज्य स्तर पर समारोह / संगोष्ठी | 44 से 47 |

| मानदण्ड | विवरण |
|---|---|
| **क्षेत्र** | सम्पूर्ण राज्य |
| **गतिविधि का स्तर/स्थान** | सामूहिक वृक्षारोपण अभियान (01.07.2025 से 06.07.2025) |
| **कार्यक्रम गतिविधि का नाम** | एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण। |
| **गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी** | "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान अंतर्गत सम्पूर्ण प्रदेश में सहकारिता सप्ताह (01 से 06 जुलाई) के दौरान रोपण संभाग, जिला एवं ग्राम स्तर तक 01 लाख से अधिक पौधों का रोपण करने का लक्ष्य रखा गया। |
| **उद्देश्य** | माताओं के नाम पर वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करके उन्हें सम्मानित करना, पर्यावरण संरक्षण को मातृत्व के प्रति श्रध्दांजली से जोड़ना, जो दर्शाता है कि कैसे माताएं पेड़ों की तरह जीवन का पोषण और रखरखाव करती हैं। |
| **प्रतिभागियों की संख्या** | 01 लाख से अधिक |
| **उपलब्धियाँ और परिणाम** | अभियान के तहत राज्य में 05 लाख से अधिक वृक्षारोपण करने का लक्ष्य विभाग द्वारा रखा गया है। सहकारिता सप्ताहक के दौरान सहकारी समितियों द्वारा कार्यक्षेत्र के ग्रामों में 1,06,959 पौधों का रोपण किया गया। |

# “सहकारी ध्वजारोहण तथा वृक्षारोपण”





- ❖ अपेक्स बैंक मुख्यालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय सहकारी संगोष्ठी एवं “एक पेड़ माँ के नाम” पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया ।
- ❖ माननीय सहकारिता मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सहकारिता के सतरंगी ध्वज का आरोहण कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा अभियान के तहत आम के वृक्ष का रोपण किया गया।
- ❖ अपेक्स बैंक प्रांगण में 100 फलदार वृक्ष रोपित किये गये।
- ❖ राज्य के सभी जिलों के चयनित 1940 पंचायतों में विभागीय अधिकारियों तथा पैक्स समितियों द्वारा 1,06,959 पौधे रोपित किये गए।

# संभागवार/जिलेवार रोपित पौधे

| क्र. | संभाग का नाम | जिले का नाम | ग्राम की संख्या जहा पौधों का रोपण किया गया | रोपित पौधों का की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रायपुर | रायपुर | 126 | 7523 |
| 2 | | धमतरी | 110 | 7108 |
| 3 | | महासमुंद | 74 | 6810 |
| 4 | | बलौदाबाजार | 99 | 9240 |
| 5 | | गरियाबंद | 75 | 6765 |
| 6 | दुर्ग | दुर्ग | 87 | 4200 |
| 7 | | राजनांदगांव | 63 | 2260 |
| 8 | | कबीरधाम | 35 | 3400 |
| 9 | | बालोद | 122 | 4000 |
| 10 | | बेमेतरा | 102 | 5475 |
| 11 | | KCG | 53 | 2000 |
| 12 | | MMAC | 67 | 3400 |
| 13 | सरगुजा | अंबिकापुर | 54 | 4000 |
| 14 | | कोरिया | 16 | 815 |
| 15 | | जशपुर | 40 | 4480 |
| 16 | | सूरजपुर | 47 | 1880 |
| 17 | | बलरामपुर | 38 | 1510 |
| 18 | | MCB | 14 | 735 |
| 19 | बिलासपुर | बिलासपुर | 114 | 6626 |
| 20 | | रायगढ़ | 70 | 3430 |
| 21 | | कोरबा | 41 | 3312 |
| 22 | | जांजगीर चांपा | 101 | 4579 |
| 23 | | मुंगेली | 66 | 2628 |
| 24 | | सक्ती | 95 | 3467 |
| 25 | | GPM | 13 | 1120 |
| 26 | | सारंगढ़ बिलाईगढ़ | 65 | 3185 |
| 27 | बस्तर | जगदलपुर | 8 | 800 |
| 28 | | कांकेर | 49 | 418 |
| 29 | | दंतेवाडा | 5 | 500 |
| 30 | | बीजापुर | 25 | 215 |
| 31 | | नारायणपुर | 10 | 100 |
| 32 | | कोण्डागांव | 47 | 633 |
| 33 | | सुकमा | 9 | 345 |
| योग | | | 1940 | 1,06,959 |

# "एक पेड़ माँ के नाम..."

.... माँ की ममता और प्रकृति का सम्मान



## C'garh Cooperative Department plants 1 lakh trees under 'Ek Ped Maa Ke Naam' campaign

**Staff Reporter**
RAIPUR, July 8

IN A major step toward environmental sustainability and community participation, Cooperative Department of Chhattisgarh has successfully planted 1 lakh trees across state under the nationwide campaign 'Ek Ped Maa Ke Naam'. As a part of the International Cooperative Day on July 5, a series of programmes including awareness camps, cooperative seminars and mass tree plantation drives were conducted in various cooperative institutions across Chhattisgarh.

A target of planting one lakh saplings was set and achieved through the active participation of Apex Bank, District Cooperative Central Banks, 2058 Primary Agricultural Credit Societies (PACS) and paddy procurement centers operating in the state's rural areas. The plantations were carried out within society premises and procurement centers, ensuring the integration of environmental goals within agricultural and cooperative infrastructure.

Each participating institution and individual pledged not only to plant but also to protect and nurture the trees, making the campaign a long-term commitment rather than a symbolic gesture. The Chhattisgarh Cooperative Department's success in executing this campaign reflects the growing awareness and commitment within the cooperative sector to contribute meaningfully to sustainable development and environmenta protection.



Staff of Chhattisgarh Cooperative Department planting saplings.

# “एक पेड़ माँ के नाम…”

.... माँ की ममता और प्रकृति का सम्मान









**माननीय प्राधिकृत अधिकारी, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर, अपर मुख्य सचिव, सहकारिता, सचिव सहकारिता तथा पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, छत्तीसगढ़ द्वारा वृक्षारोपण किया गया।**

“माँ की तरह पेड़ हमें जीवन, छाया और प्यार देते हैं।”

# “एक पेड़ माँ के नाम...”

.... माँ की ममता और प्रकृति का सम्मान



## एक पेड़ माँ के नाम अभियान पर्यावरण संरक्षण का प्रतीकः मंत्री केदार कश्यप

### अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में हुए शामिल

अमन पथ न्यूज

रायपुर। सहकारिता एवं जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप नवा रायपुर, अटल नगर में स्थित छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) परिसर में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी में शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। उन्होंने इस दौरान मंत्री श्री कश्यप ने गौपालक तथा मत्स्य पालक किसानों को रुपे केसीसी कार्ड और दुग्ध सहकारी समितियो को माइक्रो एटीएम वितरण किया । मंत्री श्री कश्यप ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है , और माँ के प्रति हमारी श्रद्ध। उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रेम और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक अनूठा तरीका भी है । माँ और प्रकृति दोनों ही जीवनदायिनी हैं, पोषण करती हैं, और बिना किसी स्वार्थ के अपनापन देती हैं । मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना माँ के प्रेम को प्रकृति के साथ जोड़ता है। यह एक जीवंत श्रद्धांजलि है, जो न केवल माँ के प्रति हमारी भावनाओं को व्यक्त करती है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक उपहार है। उन्होंने कहा कि यह अभियान, 'सहकारिता' के साथ, भारत में सामाजिक और पर्यावरणीय उत्थान के लिए महत्वपूर्ण पहलें हैं। ये सामूहिक भागीदारी और सामूहिक जिम्मेदारी पर आधारित हैं, और इनकी मूल भावना सहयोग, संरक्षण और समाज में योगदान देने की है । 'एक पेड़ माँ के नाम' पहल की शुरूआत प्रधानमंत्री द्वारा 5 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर की गई थी । इसका उद्देश्य माताओं की स्मृति में पेड़ लगाने को प्रोत्साहित करना और पर्यावरण संहिता को बढ़ावा देना है । यह अभियान प्रकृति और मातृत्व के बीच समानता को रेखांकित करता है , क्योंकि दोनों ही जीवन का पोषण करते हैं। अपेक्स बैंक के प्राधिकृत अधिकारी केदार नाथ गुप्ता ने कहा कि अभियान का संदेश है - 'माँ के लिए एक पेड़, धरती के लिए एक कदम' । सभी सहकारी समितियों के साथ इस नेक कार्य में हिस्सा लेने और अपनी माँ के प्रेम को प्रकृति के साथ जोड़ने का आह्वान किया गया है । उन्होंने आगे कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की मंशा है कि पैक्स सोसायटियो को मजबूत किया जाए। अपर मुख्य सचिव , सहकारिता , छत्तीसगढ़ शासन सुब्रत साहू ने राज्य स्तरीय सहकारी संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में 'सहकार से संमृद्धि' अंतर्गत अनेक कार्यक्रम व नवाचार सहकारिता के माध्यम से किये जा रहे है, जिसमे सहकारिता छेत्र की इकाई-समितियो को बहुउद्देशीय बनाना व इस आंदोलन को और विस्तारित करना है। सहकारिता की महत्ता को ध्यान में रखते हुए 2021 में केंद्र सरकार द्वारा पृथक से सहकारिता मंत्रालय का गठन किया गया, जो इस आंदोलन के प्रति सरकार के सकारात्मक दृष्टिकोण को प्रदर्शित करता है।

संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ सहकारिता प्रकोष्ठ अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी, सहकारिता विभाग के सचिव डॉ सी आर प्रसन्ना, आयुक्त सहकारिता कुलदीप शर्मा, एमडी अपेक्स बैंक के एन कांडे, अपर आयुक्त एच के दोषी, सहकारिता विभाग के अधिकारी सहित जिला सहकारी बैंको, मार्कफेड, लघुवनोपज तथा एनसीडीसी तथा बड़ी संख्या में अपेक्स बैंक, जिला सहकारी बैंकों, जिला सहकारी संघ के अधिकारी गण मौजूद थे।



# “एक पेड़ माँ के नाम…”

.... माँ की ममता और प्रकृति का सम्मान





# सहकारिता सप्ताहः एक पेड़ मां के नाम के तहत मंत्री ने रोपे पौधे

भास्कर न्यूज | बलौदाबाजार

राजस्व मंत्री व कलेक्टर ने किया पौधरोपण।

सहकारिता सप्ताह के शुभ अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने शनिवार को खम्हरिया सहकारी समिति परिसर में \'एक पेड़ माँ के नाम\' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। यह अभियान न केवल हरियाली बढ़ाने का प्रयास है, बल्कि इससे जुड़ी भावनात्मक अभिव्यक्ति इसे विशेष बना रही है। इस कार्यक्रम में कलेक्टर श्दीपक सोनी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सहकारिता विभाग के अधिकारी एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के निर्देश पर पूरे देश में सहकारिता सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत बलौदाबाजार जिले में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में 'एक पेड़ माँ के नाम अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें प्रथम चरण के अंतर्गत जिले की 56 सहकारी समितियों के परिसरों में छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया जा रहा है।

मंत्री वर्मा ने कहा कि माँ के नाम पौधा लगाना केवल प्रकृति की सेवा नहीं, बल्कि अपनी जड़ों और भावनाओं से जुड़ने का माध्यम है। यह पौधा एक स्मृति, एक श्रद्धा और एक जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस पहल से जुड़ें और पर्यावरण की रक्षा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि पौधरोपण के साथ-साथ इन पौधों की नियमित देखभाल भी जरूरी है। इसके लिए सहकारी समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं ताकि लगाए गए पौधे सुरक्षित रूप से पनप सकें और आने वाली पीढ़ियों को इसका लाभ मिल सके।

- संभाग रायपुर अंतर्गत समितियों में वृक्षारोपण

# “एक पेड़ माँ के नाम...”

.... माँ की ममता और प्रकृति का सम्मान



## अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस-एक पेड़ मां के नाम अभियान पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

● बिलासपुर, ईएमएस

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस और एक पेड़ मां के नाम अभियान के उपलक्ष्य में सेवा सहकारी समिति पासिद में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील सोढ़ी, विशिष्ट अतिथियों के रूप में शेखर जयसवाल, उप पंजीयक बिलासपुर, और आशीष दुबे, नोडल अधिकारी जिला सहकारी बैंक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि सुनील सोढ़ी ने कहा, सहकारिता एक अभियान है, जिसमें सभी व्यक्ति मिलकर आपसी सहयोग से बड़े से बड़े कार्य को कम समय में सम्पन्न कर सकते हैं। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पेड़ लगाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि हमारा वातावरण शुद्ध और सुरक्षित रहे। विशिष्ट अतिथि शेखर जयसवाल ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, सहकारिता के उद्देश्य को सभी उपस्थित लोगों के समक्ष विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, हमें प्रकृति को बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे ताकि प्रदूषण पर नियंत्रण पाया जा सके। नोडल अधिकारी आशीष दुबे ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के उद्देश्य पर जोर देते हुए कहा, यह अभियान पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व के महत्व को दर्शाता है। हम सभी को पेड़ लगाने और पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने एटीएम कार्ड और किसान कार्ड का वितरण किया।



- संभाग बिलासपुर अंतर्गत समितियों में वृक्षारोपण

# “एक पेड़ माँ के नाम…”

…. माँ की ममता और प्रकृति का सम्मान

## अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत किया गया वृक्षारोपण

**बेमेतरा/नेवनारा/मूक पत्रिका**



अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्यादित हसदा, पंजी क्रमांक 2033 (शाखा गोडगिरी) द्वारा ग्राम नेवनारा में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पुनीत अवसर पर समिति के अध्यक्ष प्रकाश वर्मा, ग्राम पंचायत के सरपंच लोकेश साहू, शाखा प्रबंधक के. के. यादव, प्रभारी सह प्रबंधक डी. एल. सिन्हा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, किसान बंधु एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागृति लाना तथा मातृ शक्ति को सम्मानित करना था। ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ पहल के अंतर्गत प्रतिभागियों ने अपनी माता के नाम पर वृक्षारोपण कर भावनात्मक और पर्यावरणीय दोनों ही दृष्टि से एक अनुकरणीय कार्य किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने सहकारिता की भावना, पर्यावरण संरक्षण और ग्राम विकास पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का समापन सामूहिक संकल्प के साथ किया गया कि सभी लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल की जाएगी ताकि वे एक दिन छाया और जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करें। यह आयोजन ग्राम नेवनारा के लिए न केवल एक पर्यावरणीय पहल रहा, बल्कि सहकारिता की शक्ति और सामाजिक समर्पण का जीवंत उदाहरण भी प्रस्तुत किया।



- संभाग दुर्ग अंतर्गत समितियों में वृक्षारोपण






- संभाग बिलासपुर अंतर्गत समितियों में वृक्षारोपण







❑ संभाग रायपुर अंतर्गत समितियों में वृक्षारोपण







- संभाग दुर्ग अंतर्गत समितियों में वृक्षारोपण







❑ संभाग सरगुजा अंतर्गत समितियों में वृक्षारोपण






❑ संभाग जगदलपुर अंतर्गत समितियों में वृक्षारोपण

# “एक पेड़ माँ के नाम…”

…. माँ की ममता और प्रकृति का सम्मान






- भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा में वृक्षारोपण

| मानदण्ड | विवरण |
|---|---|
| **क्षेत्र** | सम्पूर्ण राज्य |
| **गतिविधि का स्तर/स्थान** | पैक्स समितियां |
| **कार्यक्रम गतिविधि का नाम** | आमसभा का आयोजन तथा बोर्ड की बैठक एवं लेखा संधारण, कैशबुक लेखांकन प्रशिक्षण |
| **गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी** | राज्य की समितियों में सहकारिता सप्ताह अंतर्गत 01 जुलाई को आमसभा तथा बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सदस्यों के हितों से संबंधित मुद्‌दों एवं समिति द्‌वारा किए जा रहे कार्यों पर चर्चा की गई। |
| **उद्‌देश्य** | केन्द्र एवं राज्य सरकार के समन्वय से वर्तमान में सहकारिता विभाग अंतर्गत संचालित नवीन योजनाओं के संबंध में सदस्यों को अवगत कराना एवं समिति के कार्यों की समीक्षा। |
| **प्रतिभागियों की संख्या** | 20,418 |
| **उपलब्धियाँ और परिणाम** | राज्य के पैक्स समितियों में बोर्ड एवं आमसभा का आयोजन, पैक्स कम्प्यूटराईजेशन अंतर्गत डायनेमिक डे-एण्ड तथा ऑन सिस्टम ऑडिट पूर्ण करने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम, लेखा संधारण एवं कैशबुक लेखांकन के लिए समितियों के कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। |

# पैक्स बतौली, जिला अंबिकापुर में आमसभा का आयोजन

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा

Ambikapur - 04 Jul 2025 - 04amb3
epaper.navabharat.news

## सहकारी दिवस में हुआ पौधरोपण व आमसभा



**बतौली।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर आदिम जाति सहकारी सेवा समिति परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौध रोपण करते हुए आम सभा का भी आयोजन किया गया। अधीक्षक देवनाथ सिंह पैकरा, शाखा प्रबंधक शेषमणि मिश्रा ने आम सभा को संबोधित कर कहा कि एक पेड़ माँ के नाम एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इस अभियान का उद्देश्य माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। माँ और प्रकृति दोनों ही जीवन का मूल आधार हैं और इस पहल के माध्यम से हम अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इस दौरान समिति प्रबंधक पुरुषोत्तम गुप्ता, धर्मेंद्र सदावर्ती, आशीष खलखो आदि उपस्थित थे।

# पैक्स नगरी, जिला धमतरी में बोर्ड एवं आमसभा का आयोजन



# पैक्स कम्प्यूटराईजेशन अंतर्गत डे एंड एवं ऑन सिस्टम ऑडिट हेतु प्रशिक्षण



पैक्स कम्प्यूटराईजेशन अंतर्गत डायनेमिक डे-एण्ड तथा ऑन सिस्टम ऑडिट पूर्ण करने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, रायपुर के सभा कक्ष में किया गया।

पत्रिका

# कार्यशाला में समितियों के प्रबंधकों और ऑपरेटरों को दिया गया प्रशिक्षण

**सारंगढ़ @ पत्रिका.** राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) रायपुर के अधिकारियों द्वारा कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के सहकारी समितियों के प्रबंधकों और ऑपरेटरों के साथ प्रशिक्षण बैठक किया गया। अधिकारियों ने एनसीडीसी की इस कार्यशाला का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही योजनाओं के अंतर्गत युवा सहकार, कृषि संरचना निधि योजना (एआइएफ), किसान उत्पाद संगठन (एफपीओ), एग्रीकल्चर मार्केटिंग इंफास्ट्रक्चर (एएमआई), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना (पीएमएफएमई), पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (एएचआईडीएफ), राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम) के बारे मे जानकारी दी गई और उपयुक्त प्रस्ताव का सृजन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सहकारिता विभाग के सहायक आयुक्त व्यासनारायण साहू के द्वारा किया गया। उसके बाद शुभम साहू युवा



पेशेवर (विपणन) एनसीडीसी रायपुर द्वारा बैठक में समस्त समितियों को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष का सुलभ प्रयोग करने तथा सहकारिता मंत्रालय के सभी प्रमुख पहलों के बारे में जानकारी दी गई। इसमें अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता 2025 के अंतर्गत एनसीडीसी योजनाओं, क्रियाकलापों एवं वित्त पोषण के विषय पर जिले में स्थिति, प्राथमिक स्तर की सहकारी समितियों, पैक्स हेतु कार्यशाला में विस्तार से जानकारी दिया गया। कार्यशाला में 76 समिति प्रबंधकों को सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की 56 प्रमुख पहलों पर चर्चा, एनसीडीसी की योजनाएं, क्रियाकलाप एवं वित्त पोषण पर चर्चा, सहकारिता मंत्रालय के 4 वर्ष के योगदान पर सहकारिता सप्ताह के संबंध में चर्चा, क्षेत्रीय पुरस्कार के आवेदन करने के लिए प्रेरित करने की जानकारी दी गई। कार्यशाला में लकेश्वर देवांगन सहकारी निरीक्षक, खुशबू सोनी सहकारी निरीक्षक, दीपक सिंह पैकरा, प्रवेश लहरे, सुरेश महंत छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़, समस्त समिति प्रबंधक और ऑपरेटर उपस्थित रहे।

06/07/2025 | Raigarh | Page : 3
Source : https://epaper.patrika.com/

# पैक्स राजिम, जिला धमतरी में लेखा संधारण एवं कैशबुक लेखांकन के लिए समितियों के कर्मचारियों को प्रशिक्षण





# पैक्स उमरिया, जिला दुर्ग में स्वच्छता संबंधी गतिविधि का आयोजन



# “सहकार से समृध्दि”

| मानदण्ड | विवरण |
|---|---|
| **क्षेत्र** | सम्पूर्ण राज्य |
| **गतिविधि का स्तर/स्थान** | पैक्स समितियां |
| **कार्यक्रम गतिविधि का नाम** | “लोन मेला”/ सदस्यता अभियान एवं सहकारिता मंत्रालय की विभिन्न पहलों पर कार्यशालाएं |
| **गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी** | खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए राज्य में ऋण एवं खाद-बीज वितरण का कार्य समिति स्तर पर प्रक्रियाधीन है। अतः कृषकों को सदस्य बनाते हुए सुविधापूर्वक ढंग से कृषि ऋण उपलब्ध कराने के लिए पैक्स स्तर पर ऋण मेला का आयोजन किया गया तथा ऋण मेला में उपस्थित कृषकों को “सहकार से समृध्दि”अंतर्गत विभिन्न पहलों की जानकारी दी गई। |
| **उद्देश्य** | कृषकों को राज्य सरकार की शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर अल्पकालीन कृषि ऋण योजना का लाभ दिलाना तथा सहकारिता से जुड़कर कार्य करने के लिए प्रेरित करना। |
| **प्रतिभागियों की संख्या** | 1,23,000 कृषक |
| **उपलब्धियाँ और परिणाम** | कृषकों को राज्य सरकार की शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर अल्पकालीन कृषि ऋण उपलब्ध कराये जाने के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई, जिससे वे सहकारी समितियों के सदस्य बनकर सहकारी कृषि ऋण लेने के लिए प्रेरित हुए। इन गतिविधियों के आयोजन अवधि में लगभग 45,944 कृषकों द्वारा 302 करोड़ से अधिक का ऋण समितियों  से लिया गया। |

# पैक्स सांकरा, जिला दुर्ग में बैंक शाखा द्वारा लोन मेला का आयोजन किया



# पैक्स लोलेसरा, जिला बेमेतरा में सदस्यता अभियान तथा किसान क्रेडिट कार्ड वितरण

## सेवा सहकारी समिति मर्यादित लोलेसरा

पं.क्र.-399

शाखा-बेमेतरा

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष

सहकारी समितियाँ एक बेहतर दुनिया का निर्माण करती हैं




### 📌 गतिविधि विवरण

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्यादित लोलेसरा में आज विभिन्न सहकारी गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

इस अवसर पर —

✅ माइक्रो A.T.M. के माध्यम से किसानों को ₹10,000 तक की नकद निकासी सुविधा दी गई

✅ CSC सेवा केंद्र के माध्यम से विभिन्न डिजिटल सेवाएँ प्रदान की गईं।

✅ खाद एवं बीज का वितरण किया गया और KCC कार्ड की जानकारी भी किसानों को दी गई।

कार्यक्रम में सहा. प्रबंधक श्री संतोष चौहान की विशेष उपस्थिति रही।

🌾 किसान भाइयों ने समिति की इन सेवाओं का लाभ उठाया और सहकारिता की इस पहल की सराहना की।

✨ सेवा सहकारी समिति मर्यादित लोलेसरा किसान हित में निरंतर कार्यरत है।

# पैक्स गरियाबंद, जिला गरियाबंद में सदस्यों को सहकार से समृध्दि अंतर्गत गतिविधियों की जानकारी बाबत् कार्यशाला



# किसान क्रेडिट कार्ड वितरण तथा लोन मेला, पैक्स हरदी, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़



# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, रायपुर अंतर्गत पैक्स बिटकुली में मत्स्य कृषकों को अल्पकालिक कृषि ऋण वितरण

## सहकारिता के सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम: मत्स्य पालन केसीसी ऋण में 2.98 लाख का वितरण




**बलौदाबाजार / भारत भास्कर/** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर लोन मेला अभियान के तहत किसानों को आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर की बलौदाबाजार शाखा के अंतर्गत संचालित सहकारी समिति बिटकुली (पंजीयन क्रमांक 185) द्वारा स्थानीय कृषक धनीराम धीवर को ₹2,98,500 (दो लाख अट्ठानबे हजार पांच सौ) का अल्पकालिक मत्स्य पालन आधारित केसीसी ऋण चेक के माध्यम से प्रदान किया गया। ऋण वितरण का यह आयोजन शाखा परिसर में संपन्न हुआ। चेक का अंतरण उसी दिन लाभार्थी के बैंक खाते में पूर्ण रूप से किया गया, जिससे समयबद्धता व पारदर्शिता की मिसाल प्रस्तुत हुई।

**समर्पित उपस्थिति और सहकारिता की प्रतिबद्धता-** इस अवसर पर बैंकिंग व समिति से जुड़े कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं:

शाखा प्रबंधक ङ्क आर.के. धावलकर

समिति प्रभारी ङ्क बिरेन्द्र कुमार साहू

समिति सकरी के प्राधिकृत अधिकारी ङ्क नेतराम साहू

सहायक लेखापाल ङ्क जनक बांगड़े एवं ओम प्रकाश मारकंडे

नोडल कार्यालय प्रतिनिधि ङ्क सुरेन्द्र वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, रामनाथ पटेल, विजय यदु (कनिष्ठ लिपिक)

समिति स्टाफ ङ्क तेजनाथ साहू, अनिल कुमार राय, देवेन्द्र साहू, पीताम्बर साहू, शैलेन्द्र यादव, योगेश निर्मलकर आदि।

**लाभार्थी की प्रतिक्रिया-** ऋण राशि प्राप्त करने के बाद कृषक धनीराम धीवर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस आर्थिक सहायता से मत्स्य पालन व्यवसाय को नई गति मिलेगी और परिवार की आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। उन्होंने सहकारी बैंक का आभार प्रकट करते हुए इस योजना को ग्रामीण किसानों के लिए जीवनदायिनी बताया।

**स्थायी सहयोग का वादा-** जिला सहकारी बैंक और उसकी संबद्ध समितियाँ निरंतर यह प्रयास करती रही हैं कि किसानों तक ऋण सुविधाएं समय पर पहुंचें, जिससे वे कृषि और उससे जुड़ी आजीविका गतिविधियों को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ा सकें। लोन मेला अभियान इसका जीवंत प्रमाण है।

जिला कोण्डागांव में ग्राम गोलवण्ड में माननीय सहकारिता मंत्री ने पैक्स द्वारा दिये जा रहे सुविधाओं की जानकारी दी तथा खाद-बीज वितरण किया गया।



## सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास

भास्कर न्यूज़ | कोंडागांव

जनजातीय समाज के उत्थान और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से चल रहे धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शुक्रवार को कोंडागांव ब्लाक के ग्राम गोलावंड में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के वन व जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

शिविर में गोलावंड सहित कारसिंग, कुसमा, कचोरा, इसलनार, चमई, हंगवा, तोतर, बोरगांव, झारा, पोलंग, खंडाम, खचगांव, बालासार, महानार और नगरी गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। मंत्री कश्यप ने कहा कि धरती आबा अभियान जनजातीय नायक भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर शुरू किया गया है। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई एक पहल है, जिसका उद्देश्य जनजातीय ग्रामों में सरकार की सभी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करना है। उन्होंने अधिकारियों को आयुष्मान कार्ड, वय वंदना योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय पर पहुंचाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पूर्व विधायक सेवकराम नेताम ने भी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अभियान की उपयोगिता और सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

कोंडागांव। शिविर में शामिल ग्रामीणों को विभागों द्वारा योजनाओं का लाभ दिया गया।

### विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को मिला लाभ

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड और 5 को जन्म प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कृषि विभाग ने 5 किसानों को धान बीज प्रदान किए। सहकारिता विभाग द्वारा 6 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड दिए गए। शिक्षा विभाग ने 6 विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र वितरित किए। वन विभाग ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 300 ग्रामीणों को पौधे वितरित किए। कार्यक्रम के अंत में वन मंत्री कश्यप ने सभी ग्रामीणों को नशा मुक्त जीवन अपनाने की शपथ दिलाई।



| मानदण्ड | विवरण |
|---|---|
| **क्षेत्र** | सम्पूर्ण राज्य |
| **गतिविधि का स्तर/स्थान** | सहकारी समितियां |
| **कार्यक्रम गतिविधि का नाम** | सहकारी उत्पादों की प्रदर्शनी, प्रशिक्षण, सामूहिक परिचर्चा तथा सहकारी संगोष्ठी |
| **गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी** | राज्य के विभिन्न सहकारी समितियों में समिति के उत्पादों की प्रदर्शनी लगायी गयी तथा सहकारिता के माध्यम से उपस्थित सदस्यों को काम करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। |
| **उद्देश्य** | सहकारी उत्पादों का प्रचार-प्रसार, प्रदर्शन एवं विपणन तथा लोगों को सहकारिता के माध्यम से काम करने के लिए प्रशिक्षित करना। |
| **प्रतिभागियों की संख्या** | 6,000 (लगभग) |
| **उपलब्धियाँ और परिणाम** | आयोजन से सहकारी उत्पादों का प्रचार-प्रसार हुआ तथा सहकारिता के माध्यम से स्थानीय स्तर पर तैयार किये गये उत्पाद को अपनाने के लिए लोग प्रेरित हुए। प्रशिक्षण एवं संगोष्ठी के माध्यम से लोगों में मिलजुल कर कार्य करने का भाव उत्पन्न हुआ। |

# सहकारी उत्पादों की प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण




जिला बलौदाबाजार भाटापारा में सहकारी उत्पादों की प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें इफको द्वारा निर्मित नैनो यूरिया, नैनो DAP, कन्सोटिया NPK, जिंक सल्फेट की प्रदर्शन एवं उपयोगिता के बारे में कृषकों को जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में नैनो यूरिया, नैनो DAP से लाईचोपा एवं सूखा बोनी विधि से लाईव बीज का उपचार कर धान की खेती में बुआई करने का प्रशिक्षण दिया गया।

# सहकारी उत्पादों की प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण

## सहकारिता दिवस पर उत्पादों की प्रदर्शनी एवं लाइव प्रशिक्षण आयोजित

**कार्यक्रम** ● किसानों को इफ्को के अधिकारियों ने धान बुआई का सिखाया तरीका

नईदुनिया न्यूज, बलौदाबाजार : भारत सरकार सहकारिता मंत्रालय के निर्देश एवं कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले के सहकारी समितियों में सहकारिता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में सहकारिता विभाग द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर शाखा बलौदाबाजार में सहकारिता दिवस पर प्रदर्शनी आयोजित की गई। इसमें इफ्को के द्वारा निर्मित उत्पादों, नैनों यूरिया, नैनों डीएपी, कन्सोटिया एनपीके, जर्जीक सल्फेट का प्रदर्शनी एवं उपयोग के बारे में किसानों को जानकारी दिया गया। इफ्को डीजीएम राजेश गोले ने नैनों यूरिया एवं नैनों डीएपी से लाईचोपा एवं सूखा बोनी विधि से लाइव बीज का उपचार कर धान की खेतों में बुआई करने का लाइव प्रशिक्षण दिया। साथ ही रोपा उपचार विधि का प्रशिक्षण भी किसानों को दिया गया। किसानो नें प्रशिक्षण पाकर इस तकनीक का उपयोग कृषि कार्य में करने की इच्छा जाहिर की। उप संचालक कृषि दीपक नायक द्वारा रासायनिक खादों का उपयोग पौधों पर किस प्रकार, किस-किस मात्रा में किया जाना है विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही एसएसपी, एनपीके, का उपयोग करने का आग्रह कृषकों से किया गया। फसल कटाई के बाद शेष अवशेषों को खेतों में जलाने से भूमि कठोर हो जाती है, जिससे उर्वरक क्षमता प्रभावित होती है जैसे-महत्वपूर्ण जानकारी कृषकों को दिया गया है। साथ ही अधिक से अधिक नैनो यूरिया एवं नैनों डीएपी का उपयोग ड्रोन के माध्यम से करवाने किसानों को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी जीएन साहू, कार्यक्रम नोडल अधिकारी देवेन्द्र कुमार नेताम एवं पैक्स समितियों के प्रबंधक के साथ बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित रहे।




बैठक में जानकारी प्राप्त करते किसान । ● नईदुनिया

# उन्नति कृषक उत्पादक सहकारी समिति साजा, जिला बेमेतरा में सहकारी उत्पादों की प्रदर्शनी



# पैक्स जेवरतला, जिला बालोद में सामूहिक सहकारी परिचर्चा का आयोजन



# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, जगदलपुर में राज्य सहकारी संघ द्वारा सहकारी परिचर्चा का आयोजन





# पैक्स भैसमा, जिला कोरबा में सहकारी संगोष्ठी का आयोजन

## अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर समिति भैसमा में सहकारिता संगोष्ठी एवं वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न भैसमा

Israr Tyagi July 6, 2025



*अशोक कुमार श्रीवास की रिपोर्ट*

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 26 के जुलाई के प्रथम सप्ताह में प्रतिवर्ष 5 जुलाई अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के रूप में मनाया जाता है इसी परिपेक्ष में इस वर्ष एक "पेड़ मां के नाम" के तहत वृक्षारोपण, संगोष्ठी एवं सहकार से समृद्धि कार्यक्रम सभी सहकारी समितियों में आयोजित किये जा रहे हैं, आज इसी परिपेक्ष में आदिवासी सेवा सहकारी समिति भैसमा में "एक पेड़ मां के नाम" के तहत वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सर्वप्रथम समिति प्रांगण भैसमा में सहकारिता दिवस के परिपेक्ष में" सहकारिता ध्वज" फहराया गया सहकारिता ध्वज इंद्रधनुष के समान सात रंगों का ध्वज है जो सभी के सहभागिता का प्रतीक है ध्वजारोहण के बाद संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने अपने-अपने विचार मंच के माध्यम से व्यक्त किये इसी प्रकार समिति भैसमा के उपस्थित किसानों को केसीसी चेक, माइक्रो एटीएम कार्ड, एवं क्रेडिट कार्ड उपस्थित जनप्रतिनिधियों के हाथों वितरित किया गया सहायक नोडल अधिकारी मुकेश पटेल ने अपने संबोधन में समिति द्वारा संचालित योजनाओं को विस्तार से बताया साथ ही साथ माइक्रो एटीएम से लेनदेन के प्रति किसानों को जागरूक किया गया। समिति प्रबंधक तुलेश्वर कौशिक ने एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण के तहत वृक्ष के प्राकृतिक, धार्मिक, आर्थिक एवं वैज्ञानिक महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। मंचीय संबोधन मोहम्मद जमाल खान पर्यवेक्षक एच के चौहान सहकारिता विस्तार अधिकारी, मंडल उपाध्यक्ष गोवर्धन पटेल, सरमन सिंह कंवर, जोगेंद्र कौशिक द्वारा किया गया उपस्थित अधिकारी वर्ग में एच के चौहान सहकारिता विस्तार अधिकारी, मुकेश पटेल सहायक नोडल अधिकारी, मोहम्मद जमाल खान पर्यवेक्षक, घनश्याम मरकाम वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, मेम सिंह कंवर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, रामलाल कंवर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, जे एल खूंटे ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, राजेंद्र बघेल ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, समिति प्रबंधक तुलेश्वर कौशिक, समिति कर्मचारी कु. सर्वमंगला तंवर, उदय सिंह कंवर, भाव सिंह कंवर, गणेशराम कंवर, जनप्रतिनिधि गोवर्धन पटेल मंडल उपाध्यक्ष उरगा मंडल, सरमन सिंह कंवर, जोगेंद्र कौशिक, लखन लहरे, श्रीमती भुनेश्वरी कंवर एवं समिति क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक तुलेश्वर कौशिक द्वारा किया गया।



अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर समिति भैसमा में सहकारिता संगोष्ठी एवं वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न भैसमा - Express News Bharat https://expressnewslive.tv/on-the-occasion-of-international-cooperative-day-cooperative-seminar-and-massive-tree-plantation-programme-concluded-at-committee-bhaisma/

| मानदण्ड | विवरण |
| --- | --- |
| क्षेत्र | सम्पूर्ण राज्य |
| गतिविधि का स्तर/स्थान | जिला तथा पैक्स |
| कार्यक्रम गतिविधि का नाम | सहकारी शिक्षा एवं प्रशिक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम/सहकारी क्षेत्र पर स्कूलों में व्याख्यान |
| गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी | राज्य सहकारी संघ एवं जिला सहकारी संघों द्वारा राज्य में सहकारी शिक्षा के संदर्भ में प्रचलित पाठ्यक्रमों की जानकारी देते हुए समितियों के सदस्य तथा संचालकों को सहकारी शिक्षा से रोजगार के अवसर तथा उद्यम स्थापित करने बाबत् जानकारी दी गई।<br>महिला स्व सहायता समूहों को समितियों के जीएसटी रिर्टन फाईल करने के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा कई जिलों में स्कूल स्तर पर जिला सहकारी संघों द्वारा सहकारिता की आधारभूत जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। |
| उद्देश्य | सहकारी शिक्षा एवं प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार के अवसर तथा उद्यम स्थापित करने के लिए लोगों को प्रेरित करना। स्कूल स्तर पर बच्चों को सहकारिता के बारे में जानकारी देना। |
| प्रतिभागियों की संख्या | 22,384 |
| उपलब्धियाँ और परिणाम | कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को राज्य सहकारी संघ द्वारा सहकारी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त करने के लिए डिप्लोमा कोर्स संचालित करने के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई तथा राज्य एवं जिला सहकारी संघों द्वारा सहकारी शिक्षा एवं प्रशिक्षण दिये जाने बाबत् जानकारी से अवगत हुए। स्कूल में शिक्षक एवं छात्र सहकारिता के मूलभूत सिध्दांतों से अवगत हुए। |

# बलौदाबाजार जिले विद्यालयों में सहकारिता के परिचय एवं महत्व पर व्याख्यान





# शासकीय स्कूल इरिकपाल, बकावण्ड़, जिला बस्तर में सहकारिता के संबंध में जानकारी दी गई एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन।






# धमतरी जिले के सहकारी समितियों में GST, आयकर और लेखांकन का प्रशिक्षण



## जीएसटी, टीडीएस रिटर्न, आयकर एवं लेखांकन कार्य संबंधी पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

### महिला स्व सहायता समूह के सामुदायिक संवर्ग सदस्य हिस्सा ले रहीं

**धमतरी ( प्रखर )।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत जिले के महिला स्व सहायता समूह के सामुदायिक संवर्ग (सीआरपी) सदस्य के रोजगार सृजन के लिए जीएसटी, टीडीएस रिटर्न, आयकर एवं लेखांकन कार्य संबंधी पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है।

प्रथम दिवस का शुभारंभ बडौदा स्वरोजगार विकास संस्थान कलेक्ट्रेट परिसर कंपोजिट भवन के पास (आईसीटी) में संपन्न हुआ। जिला प्रशासन तथा सहकारिता विभाग के जिला सहकारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहकारिता उपायुक्त धमतरी प्रदीप ठाकुर, जिला परियोजना प्रबंधक जय वर्मा, चार्टेड अकाउंटेंट श्रवण गोयल व आशुतोष मिश्रा, स्टेट जीएसटी शैलेंद्र ठाकुर, ए जे लकरा, संघ के प्राधिकृत अधिकारी सीपी साहू, संघ प्रबंधक ए पी गुप्ता, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ रायपुर के प्रशिक्षक एस के पटेल, सहकारी निरीक्षक अरविंद मिश्रा, तोषी भूआर्य, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक पूर्णिमा घाणेकर, सहकारिता विस्तार अधिकारी नगरी एनसी देव तथा सीईओ धमतरी संगीता सिन्हा की उपस्थिति रही।

प्रारंभ में उपायुक्त सहकारिता प्रदीप ठाकुर ने कहा कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ाने के लिए यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में यह प्रथम लेखा व जीएसटी प्रशिक्षण का कार्यक्रम है। प्रबंधक जिला परियोजना जय वर्मा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत मत्स्य, बुनकर आदि अन्य समितियों का लेखांकन निष्पादन हेतु प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। इस प्रशिक्षण से अधिकाधिक लाभ उठाने उन्होंने प्रशिक्षार्थियों से अपील की। सीए श्री गोयल ने जीएसटी, टीडीएस संबंधी बेसिक जानकारी से अवगत कराया। लेखा प्रशिक्षक श्री पटेल ने लेखांकन का सामान्य परिचय, इतिहास एवं आधुनिक लेखा पद्धति जिसमें दोहरा लेखा प्रणाली, वाउचर, जनरल एंट्री एवं विभिन्न प्रकार के सहकारी समितियो में रखे जाने वाले अनिवार्य पुस्तक एवं प्रशासनिक रजिस्टर के बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में चयनित महिला समूह के पूरे सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एनसी देव सहकारिता विस्तार अधिकारी नगरी ने किया।



# जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में पैक्स कर्मचारियों को कलेक्टरेट सभाकक्ष में प्रशिक्षण

## कार्यशाला में समितियों के प्रबंधकों और ऑपरेटरों को दिया गया प्रशिक्षण



**सारंगढ़ @ पत्रिका.** राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) रायपुर के अधिकारियों द्वारा कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के सहकारी समितियों के प्रबंधकों और ऑपरेटरों के साथ प्रशिक्षण बैठक किया गया। अधिकारियों ने एनसीडीसी की इस कार्यशाला का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही योजनाओं के अंतर्गत युवा सहकार, कृषि संरचना निधि योजना (एआइएफ), किसान उत्पाद संगठन (एफपीओ), एग्रीकल्चर मार्केटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर (एएमआई), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना (पीएमएफएमई), पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (एएचआईडीएफ), राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम) के बारे मे जानकारी दी गई और उपयुक्त प्रस्ताव का सृजन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सहकारिता विभाग के सहायक आयुक्त व्यासनारायण साहू के द्वारा किया गया। उसके बाद शुभम साहू युवा पेशेवर (विपणन) एनसीडीसी रायपुर द्वारा बैठक में समस्त समितियों को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष का सुलभ प्रयोग करने तथा सहकारिता मंत्रालय के सभी प्रमुख पहलों के बारे में जानकारी दी गई। इसमें अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता 2025 के अंतर्गत एनसीडीसी योजनाओं, क्रियाकलापों एवं वित्त पोषण के विषय पर जिले में स्थिति, प्राथमिक स्तर की सहकारी समितियों, पैक्स हेतु कार्यशाला में विस्तार से जानकारी दिया गया। कार्यशाला में 76 समिति प्रबंधकों को सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की 56 प्रमुख पहलों पर चर्चा, एनसीडीसी की योजनाएं, क्रियाकलाप एवं वित्त पोषण पर चर्चा, सहकारिता मंत्रालय के 4 वर्ष के योगदान पर सहकारिता सप्ताह के संबंध में चर्चा, क्षेत्रीय पुरस्कार के आवेदन करने के लिए प्रेरित करने की जानकारी दी गई। कार्यशाला में लकेश्वर देवांगन सहकारी निरीक्षक, खुशबू सोनी सहकारी निरीक्षक, दीपक सिंह पैकरा, प्रवेश लहरे, सुरेश महंत छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़, समस्त समिति प्रबंधक और ऑपरेटर उपस्थित रहे।

| मानदण्ड | विवरण |
|---|---|
| **क्षेत्र** | सम्पूर्ण राज्य |
| **गतिविधि का स्तर/स्थान** | राज्य स्तर |
| **कार्यक्रम गतिविधि का नाम** | राज्य स्तर पर समारोह / संगोष्ठी |
| **गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी** | राज्य स्तर पर छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक में सहकारी संगोष्ठी एवं "एक पेड़ माँ के नाम" वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। |
| **उद्देश्य** | राज्य स्तर पर संगोष्ठी का आयोजन कर, सहकारिता के विभिन्न आयामों पर चर्चा करना तथा सहकारी क्षेत्र में नवीन सम्भावनाओं का पता लगाकर सहकारी समितियों के लिए अवसर पैदा करना। |
| **प्रतिभागियों की संख्या** | 613 |
| **उपलब्धियाँ और परिणाम** | कार्यक्रम में माननीय सहकारिता मंत्री, अपेक्स बैंक के प्राधिकारी, सहकारिता विभाग के अधिकारीगण तथा सभी शीर्ष संस्था एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों के अधिकारी सम्मिलित हुए। सभी के द्वारा राज्य में सहकारिता की उपलब्धियों तथा भारत द्वारा "सहकार से समृध्दि" अंतर्गत प्रारंभ किये गये विभिन्न पहलों से उत्पन्न अवसर पर चर्चा उपरान्त महिलाओं की बहुउद्देशीय सहकारी समिति के गठन तथा वन प्रबंधन समितियों के सदस्यों को सहकारी समिति के रूप में पंजीकृत होकर कार्य करने बाबत् प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान रायपुर बैंक से सम्बध्द कृषकों को 'रूपे KCC कार्ड' वितरण तथा दुग्ध समितियों को माईक्रो ATM प्रदान किया गया। |

# माननीय सहकारिता मंत्री जी द्वारा सहकारिता के इतिहास एवं वर्तमान में राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार के संबंध में जानकारी।



- सहकारिता विभाग से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रदेश में सहकारिता के क्षेत्र में विस्तार के साथ बढ़ती जिम्मेदारियों को सफलता पूर्वक निर्वहन करने के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया।

## माननीय सहकारिता मंत्री जी द्वारा दुग्ध, मत्स्य उत्पादक सदस्य कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण।






**“सहकारिताओं में सहकार” अभियान अंतर्गत जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, रायपुर के माध्यम से दुग्ध सहकारी समितियों को माईक्रो एटीएम प्रदान किया गया।**






# Thank you